दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 111
मुरादाबाद
11 August 2025
(Monday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## दुनिया ने नए भारत का चेहरा देखा, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बंगलूरू में बोले पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बंगलूरू को यलो लाइन मेट्रो की सौगात;तीन वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगलरू में नेक्स्ट-जेन मोबिलिटी फॉर ए नेक्स्ट-जेन सिटी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कन्नड़ भाषा में कुछ पंक्तियां बोलकर अपना भाषण शुरू किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू का दौरा किया। यहां उन्होंने बंगलूरू को कई सौगातें दीं और एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार बंगलूरू आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गई। पीएम मोदी ने कहा, %पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बंगलूरू और कर्नाटक के युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए भी आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इससे पहले उन्होंने कहा, कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है।

भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया पीएम मोदी ने कहा कि बंगलूरू को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं, जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है।

एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बंगलूरू को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया है। बंगलूरू की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अब हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमने यह गति कैसे हासिल की? यह हमें रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना से मिली है। हमने यह गति नेक इरादों और ईमानदार प्रयासों से हासिल की है। उन्होंने कहा कि 2014 में मेट्रो सिर्फ पांच शहरों तक सीमित थी। अब 24 शहरों में 1000 किलोमीटर से ज्यादा का नेटवर्क है। 2014 से पहले लगभग 20,000 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण था। हमने पिछले 11 वर्षों में ही 40,000 किलोमीटर से ज्यादा रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया है। 2014 तक भारत में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 160 से ज्यादा हो गई है।

जलमार्गों के आंकड़े भी उतने ही प्रभावशाली हैं। 2014 में सिर्फ 3 राष्ट्रीय जलमार्ग चालू थे। अब ये संख्या बढ़कर 30 हो गई है। %डिजिटल क्रांति का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे%- प्रधानमंत्री ने कहा, डिजिटल समाधानों की पहुंच गांव-गांव तक पहुंच गई है। दुनिया के 50त्न से ज्यादा रीयल-टाइम लेन-देन भारत में क्ष्कु के जरिए होते हैं। तकनीक की मदद से हम सरकार और नागरिकों के बीच की खाई को पाट रहे हैं। अब हम ॅढ्ढ-संचालित खतरे का पता लगाने जैसी तकनीकों में भी निवेश कर रहे हैं। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि देश में डिजिटल क्रांति का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। बंगलूरू इस प्रयास में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। टेक-आत्मनिर्भर भारत - प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, %मौजूदा उपलब्धियों में हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता %टेक-आत्मनिर्भर भारत% होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और ज्यादा प्राथमिकता दें और नए उत्पाद विकसित करने में तेजी से आगे बढ़ें। जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट- उन्होंने कहा, %हमें मेक इन इंडिया में बंगलूरू और कर्नाटक की उपस्थिति को और मजबूत करना होगा। मेरा आग्रह है कि हमारे उत्पाद जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के मानकों के अनुरूप हों। यानी दोषरहित उत्पाद हों और उनके निर्माण का पर्यावरण पर कोई नकारात्मक प्रभाव भी न पड़े। मुझे उम्मीद है कि कर्नाटक की प्रतिभा आत्मनिर्भर भारत के इस विजन का नेतृत्व करेगी।

तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बंगलूरू के केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें बंगलूरू से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं। इस दौरान कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बंगलूरू मेट्रो चरण-2 परियोजना येलो लाइन का उद्घाटन इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बंगलूरू मेट्रो चरण-2 परियोजना के आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक येलो लाइन का उद्घाटन किया। इसकी लंबाई 19 किलोमीटर से अधिक है। इसमें 16 स्टेशन हैं, जिसकी लागत लगभग 7,160 करोड़ रुपये है। पीएम मोदी ने आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। बेल्लारी रोड पर रोड शो, सिद्धारमैया से बातचीत की फिर प्रधानमंत्री ने बंगलूरू में बेल्लारी रोड पर रोड शो किया और जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नेक्स्ट-जेन मोबिलिटी फॉर ए नेक्स्ट-जेन सिटी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से बातचीत करते देखा गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बंगलूरू में यलो लाइन मेट्रो और बंगलूरू-बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री सुबह 11.30 बजे के करीब एचएएल एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने पहले केएसआर बंगलूरू स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।नागपुर-पुणे वंदे भारत ट्रेनों को भी वर्चुअली फ्लैग ऑफ किया इसके साथ ही अमृतसर-कटरा और नागपुर-पुणे वंदे भारत ट्रेनों को भी वर्चुअली फ्लैग ऑफ किया गया।

इसके बाद पीएम मोदी आरवी रोड मेट्रो स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने येलो लाइन का उद्घाटन किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक सिटी स्टेशन तक मेट्रो से सफर भी किया। उन्होंने आईआईआईटी बंगलूरू में मेट्रो फेज-3 की आधारशिला भी रखी। 19.15 किमी लंबी यलो लाइन पर 16 स्टेशन हैं, जिसकी लागत 5,056.99 करोड़ रुपये है। मेट्रो फेज-3 (ऑरेंज लाइन) 44.65 किमी लंबी होगी और इस पर 15,611 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सबके बॉस तो हम हैं, ट्रंप का नाम लिए बिना राजनाथ ने कसा तंज; कहा- कुछ लोग भारत के विकास से खुश नहीं

राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत के विकास से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा। %सबके बॉस तो हम हैं%। भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है? वे कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के दौरे पर हैं। जिले के उमरिया गांव में औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रेल कोच इकाई का भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोला। राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा। सबके बॉस तो हम हैं। भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है? कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं तो दुनिया इन्हें न खरीदे। यह प्रयास किया जा रहा है। लेकिन, भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती। यही भारत की ताकत रक्षा क्षेत्र को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा- हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं।

## पारदर्शिता दिखाएं, डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें; राहुल गांधी की चुनाव आयोग से मांग



राहुल गांधी के चुनावी धांधली के दावों के बाद कांग्रेस ने एक वेब पोर्टल लॉन्च किया, यहां लोग चुनाव आयोग से %वोट चोरी% के खिलाफ जवाबदेही की मांग करने और विपक्ष के नेता की डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन करने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। कोई भी पोर्टल लिंक पर क्लिक करके %वोट चोरी का सबूत, चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग और वोट चोरी की रिपोर्ट% डाउनलोड कर सकता है।कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक वीडियो साझा कर लिखा, %वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ है कि पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें। आप भी हमारे साथ जुड़ कर इस मांग का समर्थन करें- http://votechori.in/ecdemand पर जाएं या 9650003420 पर मिस्ड कॉल दें। ये लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की है।%यह संविधान के खिलाफ अपराध% राहुल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से चुनावों में बड़े पैमाने पर आपराधिक धोखाधड़ी होने के अपने दावों को दोहराया। उन्होंने कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र के विश्लेषण का हवाला देते हुए कहा था कि यह संविधान के खिलाफ अपराध है। वेब पोर्टल पर क्या-क्या? पोर्टल पर एक संदेश भी है, जिसमें कहा गया है कि वोट हमारे लोकतंत्र की नींव है, लेकिन इस पर भाजपा की ओर से सुनियोजित हमला किया जा रहा है, जिसमें चुनाव आयोग भी शामिल है। इसमें दावा किया गया, %बंगलूरू मध्य के सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र में हमें एक लाख से ज्यादा फर्जी मतदाता मिले, जिन्होंने भाजपा को यह लोकसभा सीट जीतने में मदद की। कल्पना कीजिए कि अगर ऐसा 70-100 सीटों पर हो तो यह स्वतंत्र चुनावों को नष्ट कर देगा।% पोर्टल पर दिए गए संदेश में लिखा है, %कांग्रेस और भारत ने पहले भी महाराष्ट्र सहित कई जगहों पर चिंता जताई है। अब हमारे पास सबूत हैं। हम इस वोट चोरी से पूरी ताकत से लड़ेंगे। हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारे साथ जुड़ें।% जब कोई व्यक्ति पोर्टल पर पंजीकरण करता है तो उसके नाम पर एक प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जिसमें लिखा होता है कि वह %वोट चोरी% के खिलाफ है। प्रमाणपत्र में लिखा है, %मैं चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूची की राहुल गांधी की मांग का समर्थन करता हूं।% प्रमाणपत्र पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन के हस्ताक्षर हैं।

## तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम पर लगाया बड़ा आरोप, सबूत दिखाकर बोले- विजय सिन्हा के भी दो EPIC नंबर



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बाद अब बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के नाम पर दो EPIC नंबर होने की बात सामने आ रही है। राजद और कांग्रेस ने ऐसा दावा किया है और पूछा कि आखिर विजय सिन्हा ने दो जगह से अपना स्ढ्ढक्र फॉर्म क्यों भरा? डिप्टी सीएम विजय सिन्हा पर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पार्टी ने बड़ा आरोप लगा दिया है। राजद और कांग्रेस ने दावा किया है कि डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के पास दो EPIC नंबर है। उन्होंने दो जगह से मतदाता पुनरीक्षण कार्य का फॉर्म भरा। तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर रविवार सुबह प्रेस वार्ता की। उन्होंने सवाल पूछा कि किस कारण से डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने बांकीपुर और लखीसराय से एसआईआर फॉर्म भरा? उनका नए वोटर लिस्ट में दो जगह नाम कैसे आया? इतना ही नहीं दोनों वोटर लिस्ट में डिप्टी सीएम के उम्र भी अलग-अलग है। लखीसराय वाले वोटर लिस्ट में उनकी उम्र 57 साल है। बांकीपुर में उन्होंने 60 साल अपनी उम्र बताई है। एक EPIC कार्ड नंबर IAF 39393370 है, इसका सीरियल नंबर 274 है। वहीं दूसरा EPIC कार्ड नंबर AFS0853341 है और इसका सीरियल नंबर 767 है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए और डिप्टी सीएम को इसका जवाब देना चाहिए। यह गंभीर मुद्दा है। तेजस्वी ने कहा कि अगर विजय सिन्हा गलत पाए गए तो वह फौरन इस्तीफा दें। अगर चुनाव आयोग गलत पाया गया तो मतदाता पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया को ही रद्द कर देनी चाहिए।तेजस्वी यादव ने कहा कि मतदाता सूची प्रारूप में दो अलग-अलग जगह पीएम नरेंद्र मोदी के दुलरुवा विजय सिन्हा का नाम आ गया है। क्या अब चुनाव आयोग दो EPIC नंबर पर इनसे जवाब मांगेगी? क्या पटना और लखीसराय जिला प्रशासन डिप्टी सीएम विजय सिन्हा से जवाब मांगेगी? क्या इन पर प्राथमिकी दर्ज होगी? जितनी जल्दी मेरे ऊपर आरोप लगाकर नोटिस भेजी गई? क्या उतनी जल्दी विजय सिन्हा पर कार्रवाई होगी? तेजस्वी ने कहा कि अब विजय सिन्हा को सामने आकर यह बताना चाहिए कि उनके हस्ताक्षर से कैसे दो विधानसभा में उनके नाम दर्ज हैं। क्या वह दो जगह वोट गिराना चाह रहे हैं? अगर नहीं दो वह बताएं कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया ही फर्जी है। उनके पास बीएलओ गए ही नहीं। बिना उनके हस्ताक्षर से ही दो अलग-अलग विधानसभा में उनके नाम दर्ज कर लिए गए है? उन्होंने कहा कि एसआईआर बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा है। हमलोगों ने कई बार यह बात कही। सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला है। अब इससे बड़ा सबूत क्या होगा कि बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का दो विधानसभा क्षेत्र के वोटर लिस्ट में नाम है। उनके नाम दो EPIC नंबर दर्ज है। तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग मतदाता सूची प्रारूप की फाइल ही बदल दी है। पूरा फॉर्मेट ही बदल दी है यह फाइल काफी हैवी हो गई है। पहले मतदाता सेवा पोर्टल से टैक्स्ट बेस्ट पीडीएफ डाउनलोड होता था। अब इमेज बेस्ड पीडीएफ डाउनलोड हो रहा है। इस नए फाइल कुछ भी सर्च करना काफी मुश्किल है। इतना ही नहीं जो फाइल डाउनलोड हो रही है? उनकी साइज बड़ी हो गई है।

संपादकीय Editorial

## Intoxication on duty

Intoxication on office walls, dancing chairs and crumbling scenery. In Una hospital, we did not find a shrine of treatment, but we did find a bar. The surprising thing is that two nurses allegedly drank so much that the office got intoxicated. The matter could have been hidden in the sobs of a patient, if social media did not have a cold. Here there is neither any complaint about a woman's drink nor any intention to disturb the entertainment of an employee, but when intoxication gets on duty, what will happen to the government work culture. Here, in the explanation of intoxication, only alcohol is being considered, but if here too the white uniform of the nurses is covered with white stains, then who will be able to find it. Here there is a problem of intoxication, and the condition of dedication and discipline is bad. After all, what are our government institutions doing? The secrets of files, the strange faces of an anonymous process. The culprit in every office is the public. Those who consider government jobs as a right do not even think that more than half of the state's budget is sacrificed in their service. If these two nurses had shared their responsibilities with nurses of a private hospital, then it would have been known what the working method and salary calculation would be. Poor nurses got caught, otherwise news of bars comes from offices, but nothing happens. The fear is that if the drug accidentally goes into the syringe during treatment in the hospital, then what will happen to the patient. Obviously, the office environment of the state is autocratic. Who is accountable here and whose accountability. Management is needed in offices. Whether it is Una or any other hospital, a manager is needed for its management, not a doctor. Health management is a different discipline and it is established as a cadre. It is said that the expansion of every department of Himachal has reached its peak, but neither the maintenance of buildings nor the inspection of employees. It is surprising that the doors of government buildings in Himachal are getting higher, but no officer has the time to keep them clean and the work culture inside sacred. If the work culture of the capital Shimla is investigated, then many unnecessary posts will come out and many employees and officers will be thrown out. The surprising thing is that there is no monitoring and there is no political consent in tough decisions. There is a difference between duty and responsibility. There is a difference between profession and professional. Recently, HRTC has put two dozen Volvo buses on the routes, but the context is the same old i.e. passengers in private Volvo and status in government. Patients have faith in private hospital, patients in government are seen as helplessness. Transfer orders in government school, children's future in private. Drug addicted nurses of Una hospital have asked sharp questions to the government system itself. They have asked questions about their appointment letters and recommendatory transfers. The issue is not whether BJP should cash in on this issue or Congress should save it, but also that politics only knows how to say or say in opposition. The issue is not even how many machines and beds have been set up in the government hospital of Una, but where is the spirit of service in the government machinery. Has the state health minister ever asked a patient what he liked about the government hospital? Has any hardworking nurse or doctor been recognised for his/her efficiency? Drug addicted nurses may be a small story, but are the employees and officers who want to work in a better way rewarded? Is every appointment, every promotion and every transfer honest? Tomorrow this Una case will also be buried.

# Women played a decisive role in the Quit India Movement

It was only after the failure of the Cripps Mission that Gandhiji and the Congress declared a complete end to the British Raj. This movement ultimately paved the way for the arrival of the Cabinet Mission in 1946 and the independence of India in 1947. Mahatma Gandhi started the Quit India Movement by calling for 'Do or Die'. This movement was not just a mass movement, but it was the turning point that shook the foundations of the British Empire and forced them to free India. This was the moment that made the British realize that it was now impossible to rule India. There were many events in the background of the Quit India Movement. As early as 1942, Britain tried to give some limited autonomy to India through the Cripps Mission, but this proposal was unacceptable to the Congress and the general public because there was no guarantee of complete independence in it. It was only after the failure of the Cripps Mission that Gandhiji and the Congress declared a complete end to the British Raj. This movement ultimately paved the way for the arrival of the Cabinet Mission in 1946 and the independence of India in 1947. This movement was a phase of the freedom struggle in which every section of society participated, and the participation of women was not only inspiring but also decisive. At a time when the role of women in society was limited, they not only participated in this revolution, but also led it in many places. Women taking the lead - With the beginning of the Quit India Movement, the British government arrested almost all the top leaders of the Congress. In such a situation, the responsibility of taking the movement forward fell on the people and women were the leaders in this. Aruna Asaf Ali openly challenged the British by hoisting the national flag at Mumbai's Gowalia Tank Maidan (now August Kranti Maidan). This act was not only symbolic, but was the spark of a people's revolution. Sucheta Kriplani conducted underground work. She kept organizing the workers and did the risky work of sending messages from one place to another. 'Congress Radio', established by Usha Mehta, became a medium that brought the true voice to the people in the era of censorship. Apart from this, many local women also took the leadership-like Kasturba Gandhi, who was arrested during the movement and died in jail after falling seriously ill. Participation of women from diverse social backgrounds- The women who participated in this movement were not only urban, educated and upper class, but also ordinary women from rural areas, who had neither education nor political training, yet they had a hunger for freedom. Among urban women, leaders like Sarojini Naidu, Vijayalakshmi Pandit, Kamala Nehru, Durga Bai Deshmukh gave momentum to the movement through speeches, processions and Satyagraha. On the other hand, illiterate but aware women of rural India also became a part of the movement. In the villages of Uttar Pradesh, Bihar, Bengal, Maharashtra and Assam, women hoisted the flag on government buildings, obstructed railway lines and socially boycotted British officials. For example, Bhima Bai Holkar of Maharashtra directly attacked the British contingent. Similarly, Kanaklata Barua of Assam was shot while leading a procession and hoisting the tricolor at the age of 17. Social shackles were broken, self-confidence was awakened- During the Quit India Movement, women also broke the social shackles that had been hindering their freedom for centuries. Purdah system, caste discrimination and gender-based stereotypes were common at that time, but participation in the movement gave rise to a feeling of self-confidence and self-confidence in them. Students of colleges and schools left their studies and participated in processions, distributed pamphlets, gave speeches and burnt foreign clothes. Housewives, who were usually confined to the kitchen of the house, now reached the jails. This change was not limited to the movement only. After independence, many women came forward in social and political leadership. This change was no less than a social revolution for that time. Difficulties and sacrifices- In this movement, women had to face not only social but also physical and mental oppression. Thousands of women were arrested. They were kept in jail, where inhumane treatment, illness and torture were common. Kasturba Gandhi's death in jail was a sacrifice that shows how tough this fight was. Matangini Hazra, aged 73, was shot by the police while marching with the tricolour in Tamluk, Bengal. Kanaklata Barua was shot and martyred in Assam. In addition, many women became victims of police brutality, but they did not give up. These sacrifices gave moral strength to the movement and further strengthened the feeling of independence among the people. International influence and strategic vision- The Quit India Movement began during the Second World War, when Britain was already under pressure. The participation of women gave more moral strength to this movement. It also echoed in the international media. The strategies adopted by women – such as secret communication, setting up alternative organisations, boycott of foreign goods and conducting the movement at the local level – proved effective in keeping the movement dynamic. Relevance in the modern context- Today when we talk of women's rights, gender equality and leadership participation, these are the themes of the Quit India Movement. Women become a source of inspiration. This movement was like a door for women, through which they could enter public life. After independence, Sucheta Kriplani became the first woman Chief Minister of India. Apart from this, the foundation of the increase in women's participation in Rajya Sabha and Lok Sabha was laid in this movement. Every woman leader of today, whether in Parliament or in Panchayat, whether she is a social worker or a teacher - is in some way the successor of those women who fought bravely against the British. This social awareness and gender liberation - Quit India Movement was not just a political movement, but it was a big step towards social awareness and gender liberation. This movement proved that patriotism is not only a definition of men. Women too can change history when they get opportunity and purpose. Aruna Asaf Ali's hoisting of the tricolor, Usha Mehta's Congress Radio, the martyrdom of Matangini Hazra and Kanaklata Barua - all these events are symbols of such courage and determination, which are an inspiration for every Indian. The legacy of these brave women forces us to think today whether we are moving towards the India of their dreams? Are our women today experiencing the same self-confidence, independence and leadership, the seeds of which were sown in those movements?

## Not punished for not following government's orders, but rewarded with promotion!

The transfer orders of IAS officers issued by the Madhya Pradesh government recently, have created a lot of buzz in the administrative corridors about one posting. The command of the Women and Child Development Department, which is of the highest priority in Madhya Pradesh, has been given to a secretary level officer for the first time in many years. A strange case has come to light in the Forest Department of the Madhya Pradesh government. A woman officer was transferred from Delhi to Bhopal on administrative grounds, but she did not report to the new place. But see the generosity of Mohan Sarkar that far from punishing her for not following orders, she was given the gift of promotion. We are talking about Bindu Sharma, a 1994 batch IFS officer in the Indian Forest Service. She was transferred from Additional Principal Chief Conservator of Forests, New Delhi, and posted in Bhopal, but she did not report to the transferred post. The surprising thing is that citing this, the government partially modified his order and now promoted him from the post of Additional Principal Chief Forest Conservator to Principal Chief Forest Conservator and he was posted at Forest Headquarters Bhopal. Command of a big department to a junior officer! The transfer orders of IAS officers issued by the Madhya Pradesh government recently, have created a lot of buzz in the administrative corridors about one posting. The command of the Women and Child Development Department, which is of the highest priority in Madhya Pradesh, has been given to a secretary level officer for the first time in the last several years. This is perhaps the only department in the Madhya Pradesh government where the Additional Chief Secretary or Principal Secretary does not have the responsibility of the department. In this department too, earlier Additional Chief Secretary and Principal Secretary level officers have been posted. GB Rashmi being a 2005 batch officer, is of the secretary level. She has been made the Secretary of the Women and Child Development Department and has been given the command of the department, whereas in recent years, the then Principal Secretary (now Additional Chief Secretary) Sanjay Shukla and Deepali Rastogi of the 1994 batch and Additional Chief Secretary level officer Rashmi Arun Shami of the same batch have been posted at this position. In such a situation, it is natural for the question to arise in the administrative corridors that what was the compulsion of the government that due to the Ladli Behna Yojana scheme, a junior officer like the Secretary had to be made the number one officer of the department, which is the highest priority of the government? Manu Shrivastava's removal from the Sports Department is in the news! One of the names in the recent transfers of IAS officers by the Madhya Pradesh government was that of Additional Chief Secretary Manu Shrivastava, from whom the additional charge of the Sports and Youth Welfare Department was withdrawn. The very next day after this transfer order was issued, the Sports Department's biggest event of the year, the Sports Award Ceremony, was to be held. The chief guest of this was the Chief Minister himself. In this ceremony, the Sports Department gave the state's sports personalities the highest sports awards Vikram, Eklavya, Vishwamitra and Lifetime Achievement Awards. A night before the ceremony, different kinds of discussions are going on in the administrative corridors about their removal. The court's stay on an award the day after the event has further strengthened these discussions. Narendra Singh Tomar and the Assembly Session- Perhaps this has happened for the first time in the Madhya Pradesh Assembly when the last four sessions were held in full swing and the monsoon session also concluded on 6 August. The entire credit for this can be given to the Assembly Speaker Narendra Singh Tomar. Tomar is a senior leader. Everyone also has special respect for him. The result of his coordination and contact and conversation with the leaders of both the parties, BJP and Congress, from time to time is that except for minor disputes during the assembly session, the assembly ran normally and all the bills were discussed by the MLAs of both the parties. In the previous governments, there was hardly any session that could run for the full period, many sessions used to end in the middle. Big scams in a small town, questions on the administration's sluggishness! - The case of embezzlement of Rs 17 crore in the Vikaskhand Shiksha Office of the small Udaygarh town of Alirajpur district has not yet been settled and now a big irregularity of Rs 1.27 crore has come to light.

# मजदूरी मांगने की सजा, मजदूर को झूले से बांधकर पीटा

मुरादाबाद- मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मजदूरी के पैसे मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। रेस्टोरेंट



संचालक दो युवकों ने उसे झूले से बांधकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, गालियां दीं और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पिटाई का वीडियो वायरल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़ित संजू निवासी मूंढापांडे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपनी मजदूरी के पैसे लेने हवाई अड्डा रेस्टोरेंट गया था। मूंढापांडे निवासी रेस्टोरेंट संचालक यशपाल और धीरज ने उसे पकड़ लिया और पार्क में लगे झूले से बांध दिया। इसके बाद दोनों ने गालियां देते हुए लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। उसके गुप्तांग के साथ छेड़छाड़ की और गला दबा दिया। पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने पिटाई के दौरान वीडियो बनाया जो वायरल हो गया। थाना प्रभारी मूंढापांडे राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बेटी की नौकरी लगवाने और जमीन दिलाने का झांसा देकर 23 लाख की ठगी

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से नौकरी और जमीन दिलाने के नाम पर करीब 23 लाख 92 हजार रुपये ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपी महिला ने खुद को एक मंडलीय अधिकारी की बहन बताया था। रामपुर निवासी पीड़ित मुन्नीलाल ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जनपद रामपुर के सिविल लाइंस निवासी मुन्नीलाल ने मुरादाबाद सिविल लाइंस पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वर्ष 2021 में बेटे की खुदकुशी के बाद दो मंजिला मकान बेच दिया। मकान बेचने की प्रक्रिया के दौरान दुष्यंत कुमार नामक व्यक्ति से डील टूटने के बाद उन्होंने मकान साकेत कुमार सक्सेना को 80 लाख रुपये में बेच दिया। इसी बीच उनकी परिचित रागिनी शर्मा निवासी रामपुर ज्वाला नगर सिविल लाइंस ने खुद को मुरादाबाद के एक अधिकारी की बहन बताते हुए बेटे द्वारा की गई खुदकुशी की पुलिस द्वारा की जा रही जांच बंद कराने और बेटी की नौकरी नगर निगम में लगवाने का भरोसा दिलाया। रागिनी ने पहले जांच खत्म कराने के लिए तीन लाख रुपये लिए। ,बाद में बेटी की नौकरी के नाम पर तीन लाख 50 हजार रुपये, दीपावली गिफ्ट के नाम पर दो लाख रुपये, चार बीघा जमीन दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये, चकबंदी में मदद के नाम पर लाखों रुपये अलग-अलग लोगों के माध्यम से वसूल लिए। आरोप है कि सुशील शर्मा निवासी ताड़ीखाना मुरादाबाद, अख्तर चांदपुर कटघर, शमशाद और ब्रजपाल समेत कई लोगों ने रागिनी के साथ मिलकर रकम ली, लेकिन कोई भी काम नहीं किया। रकम देने के गवाह अजय वर्मा और अब्दुल हैं। उसके पास रुपये देने के फोटो और वीडियो भी मौजूद हैं। आरोप है कि कुल 23,92,000 रुपये हड़पने के बाद अब आरोपी धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर पांच आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# स्थिति नियंत्रण में...शांत हुआ रामगंगा का रौद्र रूप, जलस्तर में आई कमी

## बाढ़ से फसलों और संपत्ति का भारी नुकसान, हजारों बीघा फसल नष्ट

मुरादाबाद- कई दिनों से नदियों के बढ़े जलस्तर से जिले में बाढ़ की स्थिति से लोगों को काफी नुकसान हुआ। घरों में रखा सामान नुकसान होने के साथ ही हजारों बीघा फसल नष्ट होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। हालांकि शनिवार को रामगंगा का जलस्तर घटते क्रम में रिकॉर्ड किया गया। जिससे बाढ़ बचाव व राहत कार्य में जुटे अधिकारियों व कर्मचारियों को सहूलियत मिली। बाढ़ खंड विभाग के अधिशासी अभियंता के



अनुसार शुक्रवार रात दो बजे से चार बजे तक रामगंगा का जलस्तर 191.45 से 191.46 मीटर के बीच स्थिर रहा। सुबह 4 बजे से पानी का स्तर धीरे-धीरे कम होना शुरू हुआ। सुबह 8 बजे तक जलस्तर घटकर 191.40 मीटर पर पहुंच गया और केंद्रीय जल संसाधन विभाग द्वारा कटघर पुल के नीचे लगाए गए गेज के अनुसार सुबह 10 बजे यह और घटकर 191.39 मीटर रह गया। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर में कमी का रुझान जारी है, हालांकि अभी पूरी तरह से सामान्य होने में समय लग सकता है। फसलों और संपत्ति का भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि अब रामगंगा का पानी उतरने लगा है, लेकिन जिले के कई क्षेत्रों में बर्बादी के निशान छोड़ गया है। किसानों की हजारों बीघा धान, मक्का और सब्जियों की फसल बर्बाद हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई घर और कच्ची सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ताजपुर माफी में मदद के नाम पर मुनाफाखोरी ताजपुर माफी में बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने और उनका सामान निकालने के लिए ट्रैक्टर चालक सक्रिय हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ ट्रैक्टर चालक जरूरत का फायदा उठाकर मोटा किराया वसूल रहे हैं, जिससे प्रभावित लोग और परेशान हो रहे हैं। प्रशासन की अपील प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सावधानी बरतें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और मलबा हटाने का कार्य शुरू किया जाएगा । ,जलस्तर घटने का क्रम- शुक्रवार रात 2-4 बजे- 191.45-191.46 मीटर सुबह 4 बजे- पानी कम होना शुरू सुबह 8 बजे- 191.40 मीटर सुबह 10 बजे- 191.39 मीटर

# नरौरा में खतरे का निशान पार कर गांवों तक पहुंचा गंगा का पानी

मुरादाबाद- जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी होने से गंगा ने रौद्र रूप अख्तियार कर लिया है। राजघाट में गंगा हाई फ्लड लेवल तक पहुंच गई है तो नरोरा बैराज पर गंगा का जलस्तर डेंजर लेवल से पांच फुट से भी ऊपर तक जा पहुंचा है। इस बीच गंगावास के पास बांध में दरार से प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। जुनावई में कई गांव की आबादी तक गंगा का पानी पहुंच गया है। शुक्रवार आधी रात से गंगा में पानी बढ़ने की रफ्तार शुरू हुई। शनिवार सुबह आठ बजे स्ट्रीम



से जल निकासी 2,81,676 क्यूसेक दर्ज की गई। इसके बाद जलस्तर तेजी से बढ़ना शुरू हुआ और दो घंटे में ही जल निकासी बढ़ते हुए 3,05,041 क्यूसेक प्रति सेकंड तक पहुंच गई। इस बीच, शनिवार को नरोरा से राजघाट के बीच गांव गंगावास के पास गंगा बांध में चौड़ी दरार पड़ने की खबर से प्रशासन के हाथ-पांव फूले। सूचना मिलते ही एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा, तहसीलदार रविन्द्र विक्रम, सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित सिंह व थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान मौके पर जा पहुंचे। ग्रामीण मजदूरों की मदद से प्लास्टिक बैगों में मिट्टी भरकर दो घंटे में दरार पाट दी गई। एसडीएम ने सिंचाई, राजस्व और पुलिस विभाग की टीमों को बांध की सतत निगरानी और पेट्रोलिंग के निर्देश दिए हैं। सिंचाई विभाग के अभियंता अंकित सिंह ने बताया कि से ही जानवर द्वारा गहरे बिल बनाने से दरार जैसी स्थिति बनी। अलबत्ता, फिलहाल सब ठीक है। साधुमढ़ी आश्रम में भरा पानी- गंगा का पानी निचले इलाके की ओर रुख कर चुका है। बांध के अंदर गांवों के बाहर तक पानी पहुंच गया है। जुनावई क्षेत्र के प्रसिद्ध साधुमढ़ी आश्रम में भी सैलाब का पानी भर गया है। लिहाजा प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। तहसीलदार रविन्द्र विक्रम ने बाढ़ संभावित गांवों का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। पानी से सड़क से राजघाट शांति उपवन को जाने वाली सड़क जलमग्न हो गई है। घाट पर शवदाह स्थल पर स्थान सीमित होने के कारण दाह संस्कार बारी-बारी से हो रहा है। नदी का पानी तटीय गांवों में घुसने से फसलें डूब गई हैं। उधर, गंगा के जलस्तर में तेज वृद्धि होने से रेल प्रशासन अलर्ट है। बरेली- अलीगढ़ रेल लाइन पर राजघाट गंगा पुल पर ट्रेनों का संचालन धीमी गति से किया जा रहा है। बाढ़ जैसे हालात के बीच ग्रामीणों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

# अफेयर में बाधा बन रही थी बेटी... प्रेमिका के साथ मिलकर बाप ने मार डाला; इसलिए गुड़िया से नाखुश था पिता

मुरादाबाद- संभल में पिता ने अवैध संबंधों में बाधक बन रही बेटी को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी और उसकी प्रेमिका गायब हो गए। पुलिस टीमें दोनों की तलाश में जुटी है। संभल के जुनावई थाना क्षेत्र के गांव लतीफपुर टोड़ी में अवैध संबंधों में बाधक बनी पुत्री की हत्या के मामले में पुलिस पिता वीरपाल और उसकी प्रेमिका कुसुमा देवी की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने दोनों तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी लेकिन कोई हाथ नहीं लग सका। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हैं। थाना क्षेत्र के लतीफपुर टोड़ी में वीरपाल सिंह का गांव की महिला कुसुमा देवी से काफी समय समय प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं इसको लेकर घर परिवार में लगातार पति पत्नी में झगड़ा फसाद चलता रहता था।17 वर्षीय पुत्री गुड़िया हमेशा इन हरकतों पर पिता का विरोध करती थी।



जिसको लेकर वीरपाल अपनी पुत्री से नाखुश रहता था। शुक्रवार को गुड़िया की हत्या कर पिता फरार हो गया था। इसके बाद गांव से प्रेमिका भी भाग गई है। इस मामले में कोतवाली में मृतका के मामा की ओर से वीरपाल और कुसमा देवी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज है। हत्या के बाद से ही दोनों फरार चल रहे हैं।थाना प्रभारी उमेश सिंह सोलंकी ने बताया दोनों हत्यारोपियों को पकड़ने के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी गई हैं। अभी दोनों में से किसी का भी पता नहीं चल सका है। जल्दी ही सफलता हाथ लगेगी।यह था मामला अलीगढ़ जिले के पाली थाना क्षेत्र के गांव वाटनगला के रहने वाले गुड़िया के मामा सत्यपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि थाना क्षेत्र क्षेत्र के लतीफपुर टोड़ी गांव में उसकी बहन की ससुराल है। शुक्रवार को उन्हें भांजी की मौत की सूचना मिली। वह अपने परिवार के साथ गांव लतीफपुर टोड़ी पहुंच गए।घर में किशोरी का शव जमीन पर पड़ा था। सिर से खून बह रहा था और शरीर पर चोटों के निशान थे। घटना के वक्त गुड़िया की मां रीना पशुओं को चारा डालने के लिए घर के पास ही घेर पर गई हुई थी।गुड़िया का 10 वर्षीय छोटा भाई गोपाल सो रहा था। गुड़िया का पिता वहीं पर था। मामा की किशोरी के पिता वीरपाल से कहासुनी भी हुई। इसके बाद पिता वहां से खिसक लिया। मामा की सूचना पर 112 पुलिस और थाना प्रभारी उमेश सिंह सोलंकी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने छानबीन की और नमूने लिए। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मामा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के पिता वीरपाल और गांव की ही एक महिला कुसुमा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुड़िया के मामा का कहना है कि वीरपाल और कुसमा देवी के अवैध संबंध थे। इसको लेकर गुड़िया एतराज करती थी। इसी कारण से वीरपाल ने गुड़िया की हत्या कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कांठ इलाके में बाघ दिखने से फैली दहशत...सीसीटीवी में हुआ कैद

मुरादाबाद- खादर क्षेत्र में वर्षा होने के कारण बाघ और तेंदुए मैदानी क्षेत्र में आ गए हैं। शुक्रवार की देर शाम एक तेंदुआ तहसील क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में ग्रामीणों ने देखा। छतों से दूर होने के कारण पहले तो तेंदुआ समझा। वीडियो ग्राम प्रधान पति बजरू के मकान पर लगे सीसीटीवी में बाघ की वीडियो कैद हो गई। इससे पूर्व भी हरियाली तीज पर ग्राम जोगिया सियाली एदलपुर में ग्रामीणों ने छत व महिलाओं ने जंगल में बाघ देखा था। ग्रामीणों ने इस संबंध में डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह से भी शिकायत की थी। वन विभाग का कहना है कि तहसील क्षेत्र में तेंदुए हो सकते हैं लेकिन बाघ नहीं है। ग्रामीण रात्रि जागरण कर अपने परिवार व पशुओं की सुरक्षा कर रहे हैं।

### महिला की PM रिपोर्ट के बाद ससुराल वालों पर FIR...तीन महीने में लव मैरिज का दर्दनाक अंत

मुरादाबाद- अजीमनगर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। विवाहिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के खिजरपुर का मझरा मिश्री नगर का है। गांव निवासी युवती फईम जहां और जावेद अली ने प्रेम प्रसंग के चलते 3 माह पहले शादी की थी। मायके वालों का आरोप है ससुराल वाले आए दिन विवाहिता को दहेज के दिए प्रताड़ित करते थे। आरोप है 5 जुलाई की शाम आरोपियों ने विवाहिता से मारपीट की और जबरदस्ती जहरीला पदार्थ पिला दिया। ससुराल वालों ने विवाहिता को जिला अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने विवाहिता को हाय सेंटर रेफर कर दिया। अगले दिन सुबह मुरादाबाद टीएमयू में इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मुरादाबाद में ही विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम कराया। शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विवाहिता की मौत जहरीले पदार्थ से होने की पुष्टि हुई। थाने पहुंचे विवाहिता के मायके वालों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पति जावेद भाई फहीम ससुर दिलशन और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### रोहित आर्य के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई



क्यूँ न लिखूँ सच/ मुरादाबाद- नगर बछरायूं में मोदी योगी जी के आह्वान पर पर मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि बछरायूं के मुख्य मार्गो से होते हुए निकली जगह जगह स्वागतों के साथ तिरंगा यात्रा निकली जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह जी रहे राष्ट्र की एकता प्रतीक है तिरंगा तिरंगे का सम्मान ही देश का सम्मान यात्रा में उपस्थित रामवीर सिंह शेख चिरागुद्दीन अनुज त्रिवेदी राजपाल प्रधान अंकुर अग्रवाल सुरेश सैनी नरेंद्र उत्पल सौरभ विश्वकर्मा अजय यादव यादव अनवर चौधरी सतीश रस्तोगी मुकेश कुमार छोटे गुड्डू राहुल प्रिंस पवन सुनील प्रजापति चांद मोहम्मद अहद पंकज डिंपल पाल नरेंद्र रूपल उवैस कुरैशी दीपांशु अनमोल रस्तोगी फैजान कुरैशी आदि मौजूद रहे

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने को प्रधानाचार्य एवं शिक्षक बनेंगे वालिंटियर -विजय कुमार सिंह,प्रभारी बीएसए

क्यूँ न लिखूँ सच/ बरेली। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूलों में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत सभी अध्यापकों को निर्देशित महानिदेशक स्कूल,शिक्षा के आदेशानुसार जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को आदेशित किया गया है, सभी विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार वे संलग्न पोस्टर में दिए गए लिंक अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के वालिंटियर के रूप में पंजीकरण करें। साथ ही, स्वयं, अभिभावकों, बच्चों तथा विद्यालय के रसोइयों के साथ तिरंगा लेकर सेल्फी लें और उसे अपलोड करें ,तथा उन्हें भी वालंटियर के रूप पंजीकरण करने के लिए प्रेरित करें। प्रभारी बीएसए विजय कुमार सिंह ने बताया किसी भी प्रकार की कोताही क्षम नहीं होगी। प्रक्रिया जैसा कि पोस्टर में दिया गया है पोस्टर में दिए गए लिंक पर क्लिक करें। अथवा क्यूआर कोड कोड स्कैन करें। आवश्यक विवरण भरकर पंजीकरण पूर्ण करें। तिरंगा के साथ अपनी व अन्य लोगों की सेल्फी अपलोड करें। अधिक जानकारी के लिए वीडियो एवं पोस्टर संलग्न हैं। अतः निर्देशित किया जाता है कि सभी अध्यापकों को उपरोक्त में संबंध में सूचित करना सुनिश्चित करें।



## केसीएन क्लब का स्वतंत्रता दिवस जनजागरण तिरंगा पदयात्रा व सैनिक सम्मान समारोह सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रयागराज। गंगापार के बहरिया ब्लॉक के ग्राम भदरपुर से उधोपुर खगिया से सिसई कीर्तिमान गेस्ट हाऊस में राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन केसीएन क्लब के स्वतंत्रता दिवस जनजागरण तिरंगा पदयात्रा व सैनिक सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम 79वें स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर उन स्वर्णिम एवं गौरवशाली स्मृतियों को स्मरण करते हुए राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटीजन्स नीड क्लब (के.सी.एन. क्लब) की सैनिक शाखा वेटरन्स भारत व उत्तर प्रदेश कमेटी के संयुक्त प्रयास से स्वतंत्रता दिवस महोत्सव के सप्ताह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक जितेंद्र राय ने किया। भारत माता की पूजा के बाद अतिथियों द्वारा फीता काटकर भारत माता के जयकारों के साथ यात्रा प्रारंभ हुई और अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए सिसई कीर्तिमान गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई, जहाँ दीप प्रज्वलन के बाद सैनिकों को मंचासीन कराया गया एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक अधिकारी अनिल त्रिपाठी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक गजेंद्र सोनी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में बालकृष्ण पाण्डेय (बड़े बाबू, अपर जिलाधिकारी नगर कार्यालय), पूर्व सैनिक अरविंद तिवारी, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बड़े बाबू पवन कुमार गुप्ता, पूर्व सैनिक दुर्विजय नारायण पटेल, पूर्व सैनिक प्रमोद मिश्र, प्रधानाध्यापक बछन्दामऊ कुंडा प्रतापगढ़ सतीश मौर्या, वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षक साजिद खान, मीरा भवन प्रतापगढ़ से एडवोकेट संतोष कुमार यादव, सेल्स एंड इनकम टैक्स कंसलटेंट एडवोकेट विनोद कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ समाजसेवी राकेश पाण्डेय भदरी कुंडा प्रतापगढ़, शिक्षक सुरेन्द्र कुमार शुक्ल, समाजसेवी शत्रुघ्न तिवारी, एडवोकेट दयाशंकर यादव, पूर्व जिला पंचायत प्रतिनिधि सदस्य वकील अहमद, श्यामल मिश्र, एडवोकेट अभिषेक सिंह, पत्रकार ओमकेश शुक्ल, त्रिपाठी पत्रकार आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संयोजन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्र त्यागी द्वारा किया गया।



## जिलाधिकारी अविनाश सिंह की मेहनत लायी रंग सीएम डैशबोर्ड रैकिंग में बरेली नंबर वन

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी की गयी जुलाई माह की रैकिंग में जनपद बरेली प्रदेश में अव्वल बरेली प्रदेश में विकास कार्यों का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु गठित सीएम डैशबोर्ड पर इन्टीग्रेटेड विभागों की सेवाओं योजनाओं परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह किए गए विकास कार्यक्रमों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्गत की जाती है। सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह जुलाई 2025 की जारी की गयी रैंकिंग में जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में प्रथम स्थान एवं राजस्व कार्यक्रमों में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने ज़ब से जनपद की कमान संभाली है दिनोदिन जनपद सफलता की ओर अग्रसर है। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं निरन्तर गहन समीक्षा में दिये गये निर्देशों के परिणामस्वरूप जनपद के कार्य प्रदर्शन में उत्तोरत्तर वृद्धि हो रही है। जिलाधिकारी ने जनपद की ज़ब बागडोर संभाली थी तो अप्रैल माह में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर जनपद ओवर ऑल रैकिंग में 14वे स्थान पर था जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में जुलाई माह में जनपद ने ओवर ऑल रैंकिंग में पूरे प्रदेश में टॉप किया है। जिलाधिकारी की लगन, मेहनत एवं उनके कुशल मार्गदर्शन में विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये परिश्रम के परिणामस्वरूप जनपद माह जुलाई की ओवरऑल रैकिंग में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।।



## शहर में खतरे का पर्याय बना स्टंटवाज , एसपी ट्रैफिक ने गाड़ी को किया सीज

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली हर महीने यातायात को लेकर यातायात पुलिस हमेशा से ही ऐक्टिव रही है आपको बताते चलें कि काफी दिनों से बरेली शहर में खतरनाक तरीके से स्टंट कर रहे एक युवक के बारे में लगातार ट्रैफिक पुलिस को शिकायत मिल रही थी , आज रक्षाबंधन के पर्व के दृष्टिगत सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकमल खान शहर के भ्रमण पर निकले तभी उनको शहर में एक बुलेट गाड़ी क्क 25८ङ्क 9105 से एक युवक स्टंट करता हुआ नजर आया, तत्काल पुलिस अधीक्षक यातायात अकमल खान ने टीआई शैलेंद्र सिंह से गाड़ी रोकने के लिए कहा टीआई शैलेंद्र सिंह ने बुलेट गाड़ी को रोका, गाड़ी के पेपर न होने एवं खतरनाक तरीके से स्टंट करने पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए वाहन को लाइन में सीज दिया । पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकबर खान ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार से खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और स्टंट बाजी करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई कर वाहन चलाने वालों को भी दंडित किया जाएगा ।।



## गांवों में चोरों की अफवाहों पर थाना न्योरिया के गांवों में जाकर जागरुक किया

### मंदबुद्धि और मेहमानों को चोर समझ कर ना करें उनकी पिटाई



क्यूँ न लिखूँ सच/ मोहम्मद सलीम / न्योरिया -पीलीभीत। में चोरों की अफवाह पर लगेगा ब्रेक,पुलिस गांव में जाकर कर रही लोगों को जागरूक मंदबुद्धि मेहमानों को चोर समझ कर ना करें पिटाई ऐसा करने वालों के खिलाफ गंभीर धाराओं में दर्ज होगा मुकदमा। पीलीभीत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना न्योरिया पुलिस द्वारा चोरों की अफवाहों पर रोक लगाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने के मामले सामने आए हैं, जिसके चलते कई बार बेगुनाह और मानसिक रूप से कमजोर लोगों को चोर समझकर ग्रामीणों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी। ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने दिन और रात गांव-गांव जाकर लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देनी की अपील की है। अभियान के तहत पुलिस कर्मी ग्रामीणों को समझा रहे हैं किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तुरंत 112 और कोतवाली पुलिस को दें और कानून को अपने हाथ में न लें। साथ ही, सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन के फैलाई जा रही अफवाहों से सतर्क रहने को कहा गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफवाहें न केवल निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी खतरा बनती हैं। पुलिस का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में शांति और आपसी विश्वास कायम रखना है। उसके बाद भी अगर कोई गलती करता है और मारपीट करता है गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा।

## इलाहाबाद जन कल्याण समिति ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशक का छिड़काव कर लोगों को किया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रयागराज। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फैलती बीमारियों की रोकथाम के लिए इलाहाबाद जनकल्याण समिति द्वारा सलोरी, छोटा बघड़ा और आस-पास के इलाकों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। समिति की टीम लगातार क्षेत्र में सक्रिय है और जरूरतमंदों तक मदद पहुँचा रही है।समिति का स्पष्ट निर्देश है कि किसी की सहायता करते समय फोटो ना ली जाए, क्योंकि यह समिति की नीतियों के खिलाफ है। हालांकि, कुछ दस्तावेजी सत्यापन के लिए फोटो लेना मजबूरी बन जाता है, जिसे समिति आवश्यक मानती है। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद हन्जला उर्फ सद्दाम हुसैन ने कहाः मैंने समाज की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। हमारी टीम बिना किसी प्रचार के सेवा कर रही है। समिति के सचिव परशुराम ने सरकार से सहयोग की मांग करते हुए कहाः अगर हमें सरकार से सहायता मिले, तो हम और बेहतर तरीके से लोगों की मदद कर सकते हैं। कोषाध्यक्ष नासिर ने बताया कि समिति का कार्य पूरी तरह आपसी सहयोग पर आधारित है और टीम पूरे उत्तर प्रदेश में विभिन्न जिलों जैसे फतेहपुर आदि में भी सेवा दे रही है। इस बीच, समिति के एक सक्रिय सदस्य सैयद अब्बास हुसैन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर साफ-सफाई और बीमारियों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया।




## उफान पर यमुना..खतरे के निशान से ढाई फीट नीचे जलस्तर, नदी किनारे रहने वालों की बढ़ी धड़कनें

